प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 27.03.2026 समय : 01:00 पी.एम.

000000

केन्द्र सरकार ने घरेलू खपत के लिए पेट्रोल और डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में दस रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। सोशल मीडिया पोस्ट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि यह निर्णय पश्चिम एशिया संकट के बीच लिया गया है। उन्होंने कहा कि इससे उपभोक्ताओं को बढ़ती कीमतों से राहत मिलेगी। वित्त मंत्री ने कहा कि डीजल के निर्यात पर 21 रुपये 50 पैसे प्रति लीटर और विमानन ईंधन पर 29 रुपये 50 पैसे प्रति लीटर शुल्क लगाया गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उत्पाद शुल्क में कमी के निर्णय का स्वागत किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शर्मा ने कहा है कि इस संवेदनशील कदम से देश के लाखों परिवारों को आर्थिक संबल मिलेगा। साथ ही वैश्विक उतार–चढ़ाव की अनिश्चितता से वे मुक्त रहेंगे। उन्होंने सभी नागरिकों से अफवाहों से दूर रहने की अपील की है।

0000

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आज स्पष्ट किया है कि देश में लॉकडाउन की अफवाहें पूरी तरह से झूठी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री पुरी ने कहा कि सरकार का ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार ऊर्जा, आपूर्ति श्रृंखलाओं और आवश्यक वस्तुओं पर पूरी नजर रख रही है। वहीं संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चिंता ये सुनिश्चित करना है कि आम नागरिकों को दैनिक जीवन में कठिनाईयों का सामना नहीं करना पडे। उन्होंने लोगों से कहा कि घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है।

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम एशिया संघर्ष के मददेनजर आज शाम राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ अहम बैठक करने जा रहे है। इसमें प्रधानमंत्री मौजूदा अंतर्राष्ट्रीय हालात को लेकर भारत के रूख और तेल गैस उर्वरक की सुचारू आपूर्ति को लेकर राज्यों की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। बैठक में 'टीम इंडिया' की भावना से समन्वित प्रयासों को सुनिश्चित करने पर जोर दिया जाएगा। आदर्श आचार संहिता के कारण चुनाव वाले राज्यों के मुख्यमंत्री इस बैठक में शामिल नहीं होंगे।

0000

रेल पटरियों को पार करते समय होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए रेलवे देशभर में भूमिगत मार्ग बनाएगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में इस पहल के बारे में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन भूमिगत मार्गों को इस तरह से डिजाइन किया जाएगा कि इनका निर्माण केवल 12 घंटे में पूरा हो सके। ये रेलवे भूमिगत मार्ग उन स्थानों पर बनाए जाएंगे जहां पटरियों के एक तरफ आवासीय बस्ती है, जबकि दूसरी तरफ खेत, स्कूल, श्मशान घाट और अन्य आवश्यक सुविधाएं स्थित हैं।

0000

प्रदेश में सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग की ओर से चलाये जा रहे छात्रावासों में प्रवेश प्रकिया आज से शुरू हो रही है। विभाग के निदेशक और संयुक्त शासन सचिव आशीष मोदी ने बताया कि राजकीय और अनुदानित छात्रावासों में शैक्षणिक सत्र 2026–27 में प्रवेश के लिए आज से ऑनलाईन आवेदन किये जा सकते है। उन्होंने बताया कि 10 अप्रेल को विद्यार्थियों की पहली मेरिट सूची जारी की जायेगी। वहीं 11 मई तक सभी सूचियां प्रकाशित कर दी जायेगी।

0000

आज विश्व रंगमंच दिवस है। हर साल 27 मार्च को कलाकारों और सांस्कृतिक आदान प्रदान तथा मानवीय अभिव्यक्ति में रंगमंच की भूमिका के सम्मान में ये दिन मनाया जाता है। इस साल की थीम **थियेटर सिर्फ मनोरंजन ही नहीं समाज का भी आइना** रखी गयी है।

0000